एपीएल के लिए केन्द्र से 93 लाख टन चावल-गेहूं मांगने संकल्प पारित

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। विधानसभा ने गुरुवार को प्रदेश के 12 लाख एपीएल कार्डधारकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र से 61 हजार टन चावल और 32 हजार टन गेहूं का आबंटन मांगने शासकीय संकल्प पारित कर दिया। विपक्ष ने मांग की कि एपीएल को भी बीपीएल की दर पर चावल और गेहूं दिया जाए। सत्ता पक्ष की सहमति नहीं मिलने पर विपक्ष ने संकल्प का बहिष्कार कर दिया।

खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहिले ने यह शासकीय संकल्प प्रस्तुत किया था। संकल्प पर हुई आधा घंटा की चर्चा में दोनों पक्षों के सदस्यों ने भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष रविन्द्र चौबे ने आरोप लगाया कि एपीएल के लिए राशन मांगने केन्द्र को प्रस्ताव भेजने की जरूरत ही नहीं थी। विभाग की लापरवाही के कारण ही एपीएल के कोटे में कटौती हुई है। इसी तरह पहले 37 लाख बीपीएल परिवारों को रियायती दर पर अनाज उपलब्ध कराया जा रहा था अब ढाई लाख राशन कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग गरीबों का चावल उठाते थे। संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जब इस पर आपत्ति की तो श्री चौबे ने कहा कि दुर्ग में भाजपा के पूर्व सांसद सहित कई और नेताओं खरसिया, कुनकुरी और दूसरे स्थानों पर भाजपा के लोगों ने ही चावल की अफरा-तफरी की।

बीपीएल की दर नहीं... विपक्ष का वाकआउट

श्री अग्रवाल ने जब नेता प्रतिपक्ष से पूछा कि एपीएल को चावल मिलना चाहिए या नहीं ? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एपीएल को भी बीपीएल की दर पर चावल मिलने पर ही विपक्ष इसका समर्थन करेगा। कांग्रेस के कई सदस्यों एक साथ खड़े होकर बोलने लगे, इससे शोर-शराबा शुरू हो गया।

कांग्रेस सदस्य मोहम्मद अकबर ने भी कहा एपीएल का कोटा केन्द्र ने इसीलिए कम किया क्योंकि लगातार चावल का उठाव नहीं हो रहा था। उन्होंने पूछा सरकार पहले यह बताए कि एपीएल को ही बीपीएल की दर पर चावल देंगे या नहीं ? बीपीएल की दर पर चावल देने पर ही वे इसका समर्थन करेंगे। चावल की अफरा-तफरी के लिए कांग्रेस इसका समर्थन नहीं कर सकती। धर्मजीत सिंह ने भी इसी तरह अपनी बात रखी। उन्होंने कहा यदि सरकार चावल चोरों को उपकृत करने के लिए यह योजना बना रही है तो वे उसका विरोध करेंगे। भाजपा के डॉ. सुभाउ कश्यप, दीपक पटेल, देवजी भाई पटेल ने संकल्प का समर्थन करते हुए कहा कि महंगाई के कारण गरीबी रेखा से ऊपर के लोग भी त्रस्त हैं। यदि उन्हें सस्ती दर पर चावल-गेहूं मिलेगा तो उन्हें भी राहत मिलेगी।

खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहिले ने विपक्ष के इस आरोप को गलत बताया कि चावल नहीं उठाने के कारण एपीएल कोटे में कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने 2007 से चावल ही कम कर दिया है तो चावल नहीं उठाने का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने एपीएल को बीपीएल की दर पर चावल-गेहूं देने की विपक्ष की मांग पर कहा कि केन्द्र सरकार जिस दर पर चावल और गेहूं देगा, राज्य सरकार उसी दर पर चावल-गेहूं देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि लगभग 12 लाख परिवारों को इसका फायदा मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष रविन्द्र चौबे ने बार-बार उनसे पूछा कि वे एक रूपया और दो रूपया किलो की दर से एपीएल को चावल-गेहूं देने के लिए तैयार हैं या नहीं। मंत्री से कोई आश्वासन नहीं मिलने पर विपक्ष ने संकल्प का बहिष्कार कर दिया। बाद में अध्यक्ष ने विपक्ष की गैरमौजूदगी में सत्ता पक्ष की ओर से लाए गए संकल्प को पारित कर दिया।

स्टॉपडेम निर्माण में भारी गोलमाल

काम शुरू होने से पहले ही लाखों का भुगतान

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। रोजगार गारंटी योजना के तहत सरगुजा जिला में बने स्टॉपडेम के निर्माण में भारी गड़बड़ी एवं ठेकेदार को काम शुरू करने के पहले ही लाखों रूपए का भुगतान करने का मामला उठने पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रामविचार नेताम ने जांच कराने एवं दोषी अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की घोषणा की।

मंत्री ने कहा- जांच के बाद होगी कार्रवाई

नेता प्रतिपक्ष रविन्द्र चौबे ने प्रश्नकाल में यह मामला उठाया। उनके प्रश्नों के जवाब में श्री नेताम ने बताया कि 2007-08 में सरगुजा जिले में 182 नालों में 206 स्टॉपडेम बनाने के लिए 26 करोड़ से ज्यादा की स्वीकृति दी है। वर्ष 08-09 में 407 नालों में 439 स्टॉपडेम बनाने के लिए 46 करोड़ 52 लाख की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि 07-08 के 87 कार्य पूर्ण हो गए हैं और 119 कार्य अधूरे हैं जबकि वर्ष 08-09 के 125 कार्य पूरे हो चुके हैं और 314 कार्य अपूर्ण हैं। श्री चौबे ने पूछा कहा कि वहां पर स्टॉपडेम बनाने के नाम पर राशि का भारी दुरुपयोग किया गया है। मंत्री उन्हें वहां के किसी भी पांच स्थान पर ले जाकर दिखा दें कि काम कहीं पूरा हुआ है या उसमें गड़बड़ी नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि वहां पर सुतिया नाला सहित कई नालों में स्टॉपडेम के लिए ठेकेदार को लाखों रूपए का भुगतान काम शुरू होने से पहले ही दे दिया गया। उन्होंने मंत्री से पूछा कि ठेकेदारों को एडवांस में इतनी राशि का भुगतान कैसे किया गया ? मंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो मामला उठाया है उसमें वे जांच करवाएंगे और जो भी अधिकारी इस मामले में दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री, विधानसभाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष समेत दोनों पक्षों के सदस्य बुधवार को न्यू रायपुर में हुए विकास कार्यों को देखने के लिए गए। उन्होंने निर्माणाधीन मंत्रालय और विभागाध्यक्ष कार्यालय के भवनों का अवलोकन किया और पौधे भी लगाए। छाया छत्तीसगढ़

शराब पीकर हुड़दंग, महिलाओं को धमकी

रिपोर्ट के दूसरे दिन तक नहीं पहुंची पुलिस

छत्तीसगढ़ संवाददाता

मगरलोड, 29 जुलाई। नगरपंचायत में इन दिनों शराबियों की मनमानी मुख्य चौक में देखी जा सकती है। बीती रात साढ़े नौ बजे बस स्टैण्ड पर दरवाजे के पास रखी बैंच को शराबी ने पटककर तोड़ दिया लोगों के घरों के दरवाजे पर बोतल फेंकते रहे।

आवाज सुनकर जब महिलाओं ने रोका तो उन्हें शराबी धमकी देने लगे। इस घटना की नामजद रिपोर्ट टी.एल. सिन्हा द्वारा लिखाई गई। मौके की जांच पर पुलिस दूसरे दिन तक नहीं पंहुची। इस तरह पुलिस की त्वरित कार्यवाही न होने से लोगों में आक्रोश है। उसी बिती रात को ही व्यापारी कुलेश्वर साहू अजय आटो पार्ट्स, लोकेश साहू होटल व्यवसायी, ओंकार जनरल ज्ञानदेव साहू, राजू पान पैलेस, सिन्हा की दूकान की रात्रि में जलने वाली सभी लाईटें कोई निकालकर ले गये थे।

चौक में खुले आम देर रात्रि तक शराबियों के आंतक से व्यापारी, महिलायें, छात्राएं, सभ्य नागरिक डरे एवं सहमें हुए रहते हैं। इस पर नगरवासियों ने मुख्य चौक में पुलिस बल तैनात करने की मांग की है।

डीएमई कार्यालय का घेराव

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। पीएमटी काउंसिलिंग में फर्जी छात्रों के चयन के विरोध में एनएसयूआई छात्रों ने गुरूवार को चिकित्सा शिक्षा संचालनालय का घेराव किया। पहले तो छात्रों ने संचालनालय के बाहर नारेबाजी की लेकिन जब कोई भी अधिकारी उनसे बात करने नहीं पहुंचा तो वे संचालनालय की ग्रील में लगा ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मामले की सीआईडी जांच की मांग की।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष संजीव शुक्ला ने कहा कि पीएमटी काउंसिलिंग में फर्जी छात्रों का चयन एक गंभीर मुद्दा है। ऐसी अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। जिन 6 छात्रों के फर्जी होने का मामला सामने आया है उन पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार को सीआईडी की मदद से विशेष जांच करवाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस संबंध में व्यापमं को भी ज्ञापन सौंपा है।

बलात्कार का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार

रायपुर, 29 जुलाई। बलात्कार का आरोपी बीती रात पुलिस हिरासत से फरार हो गया है, उसे गिरफ्तार कर थाने ले जाया जा रहा था। खरोरा (छड़िया) निवासी नकुल सतनामी के खिलाफ गिरौधपुरी थाने में बलात्कार का जुर्म दर्ज था। बीती रात गिरौधपुरी पुलिस उसे पलारी क्षेत्र से गिरफ्तार कर थाने ले जा रही थी।

बताया गया कि आरोपी को मार्शल से ले जाया जा रहा था। तभी बीच रास्ते में पुलिस को चकमा देकर वाहन से उतरा और फरार हो गया। पलारी थाने में आरोपी के खिलाफ पुलिस हिरासत से भागने का मामला दर्ज किया गया है। उसकी तलाश में गिरौधपुरी और पलारी पुलिस की टीम लगाई गई है।

नकली किन्नरों को असली ने पीटा

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। बूढ़ापारा स्थित नए घर में चंदा मांगने पहुंचे चार नकली किन्नरों के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत की गई है। यह खबर जब असली किन्नरों को मिली तो वे खुद नकली किन्नरों को पिटाई करते हुए थाने ले गए।

बूढ़ापारा स्थित संजय सुराना के नए घर में आज दुर्ग निवासी मीना गोड़, सलूज बाई, सजूला बाई और मोहिनी नाम की चार महिलाएं पहुंची थीं। चारों महिलाओं ने अपने आपको किन्नर बताते हुए घरवालों से बख्शीस मांगी। सुराना परिवार के लोगों को महिलाओं पर संदेह हुआ। उन्होंने शहर के एक प्रतिष्ठित किन्नर से संपर्क कर पूछा कि क्या उनके घर किसी को भेजा गया है ? तब उन्हें पता चला कि उनके घर पहुंचे किन्नर नकली है।

नकली किन्नरों की खबर मिलने पर शहर में रहने वाले असली किन्नर मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक असली किन्नरों ने चारों महिलाओं की जमकर पिटाई की। चारों महिलाओं को किन्नर थाने ले गए। बताया गया कि चारों महिलाओं के खिलाफ कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

मामूली विवाद पर बहू की टंगिया से हत्या

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। कसडोल के दर्रा गांव में बीती रात मामूली विवाद पर ससुर ने टंगिया से बहू की हत्या कर दी। आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दर्रा निवासी गुरूवारी बाई कल शाम घर की मरम्मत के लिए मिट्टी लाई थी जिसे उसकी देवरानी लेकर चली गई थी। इस पर गुरूवारी और उसकी देवरानी के बीच जमकर विवाद हो गया था। इसकी खबर जब ससुर लुड़गूराम को मिली तो वह टंगिया लेकर बहू के पास पहुंचा और ताबड़तोड़ उस पर कई वार कर दिया। घटना की खबर मिलने पर परिवार के दूसरे लोग मौके पर पहुंच गए हैं। घायल गुरूवारी बाई को लहुलुहान हालत में कसडोल अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत में कोई सुधार नहीं होने पर अंबेडकर अस्पताल रायपुर रिफर कर दिया गया। अंबेडकर अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। कसडोल पुलिस ने आरोपी ससुर लुड़गूराम के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस भर्ती : 30 की परीक्षा स्थगित

रायपुर, 29 जुलाई। पुलिस भर्ती के लिए 30 जुलाई को होने वाली शारीरिक एक मापदंड परीक्षा स्थगित कर दी गई है। यह परीक्षा अब 1 अगस्त को होगी।

राज्य में पिछले दिनों 105 आरक्षक और 14 वाहन चालक (आरक्षक जीडी) की भर्ती निकली थी। उम्मीदवारों को शारीरिक मापदंड एवं दस्तावेजों की जांच के लिए 30 जुलाई को बुलाया गया था। जिला पुलिस के प्रवक्ता अनिल शर्मा ने बताया कि किसी कारण वश 30 जुलाई को होनी वाली परीक्षा स्थगित कर दी गई है।

बैटन रिले रिहर्सल की तारीख टली, अब 8 अगस्त को

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। राज्य सरकार ने बैटन रिले के रिहर्सल की तारीख आगे बढ़ा दी है। नए आदेश के अनुसार बैटन रिले का डमी आयोजन अब 30 जुलाई को न होकर 3 अगस्त को होगा।

जिला खेल अधिकारी राजेन्द्र डेकाटे ने बताया कि शासन की ओर से बुधवार शाम जारी आदेश में रिहर्सल की तारीख आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। किन्हीं तकनीकी कारणों के चलते तिथि आगे बढ़ाई गई है। अधिकारी भले ही तिथि आगे बढ़ाने के पीछे तकनीकी कारणों का हवाला दे रहे हैं। लेकिन सूत्रों की माने तो बैटन धावकों की सूची को अब तक अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है जिसके चलते बैटन रिले रिहर्सल की तारीख आगे बढ़ाने की नौबत आ गई।



बताया गया कि शासन के पास जो सूची पहुंची है उसमें 80 से अधिक नाम शामिल हैं। इनमें से 78 लोगों को ही बैटन थामने का मौका मिल पाएगा। बैटन लेकर दौड़ने वाले खिलाड़ियों के क्रम को लेकर भी मंथन जारी है। जानकारों का कहना है कि शासन बैटन धावकों की सूची जारी करने में इसलिए भी देर कर रहा है क्योंकि सूची जारी होने के बाद इसे लेकर विवाद उठने की सुगबुगाहट है। चूंकि बैटन रिले एक ऐतिहासिक आयोजन होगा। देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की नजर इस आयोजन पर होगी। जहां तक राज्य का सवाल है तो यहां खेल पुरस्कारों से लेकर खेल आयोजनों तक जब भी नाम घोषित किए गए हैं वो विवादों से घिर जाते हैं। सरकार बैटन रिले में इसकी पुनरावृत्ति नहीं चाहती। सूची जारी करने में हो रही देरी के पीछे इसे भी एक अहम कारण माना जा रहा है। गौरतलब है कि क्वीन्स बैटन मशाल 11 अगस्त की दोपहर राजधानी रायपुर पहुंच रही है। इसी दिन बैटन के लिए स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 12 अगस्त को बैटन रिले का आयोजन किया जाना है इसके लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। शहर के बीचों 7 किलोमीटर का रूट तय कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

सोंढूर लबालब, पांच सौ क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 29 जुलाई। कल हुए बरसात के बाद गंगरेल, दुधावा, माडमसिल्ली और सोंढुर में अच्छी आवक बनी हुई है। सबसे पहले सोंढुर को लबालब होने का सौभाग्य मिला। जहां से अभी पांच सौ पांच क्युसेक पानी बहाया जा रहा है।

विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री तिवारी ने बताया कि गंगरेल का जलस्तर 341.87 पहुंच चुका है। यहां पानी की आवक 3055 क्युसेक है। मुरुमसिल्ली में 464 क्युसेक होने से बांध में 1.623 टीएमसी पानी भर चुका है। जबकि दुधावा में 884 क्युसेक पानी की आवक होने के साथ साथ 466.39 मीटर पानी का भराव हो चुका है। पिछले 24 घंटों में सोढुंर बांध के भराव क्षेत्र में अच्छी वर्षा के चलते जल का स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। नतीजतन बांध से 505 क्युसेक पानी छोड़ा जा रहा है, वहीं बांध में 364 क्युसेक पानी की आवक लगातार बनी हुई है।

तीज महोत्सव शुरू

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 जुलाई। रंग-बिरंगी कलात्मक राखियां, बंधेज की विशाल श्रृंखला से लेकर ज्वेलरी के नवीनतम डिजाइन के संग्रह के साथ आज समता कॉलोनी स्थित भीमसेन भवन में 'तीज महोत्सव' का शुभारंभ हुआ।

कल्चरल हैरीटेज डेलपमेंट आर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय तीज महोत्सव में शामिल स्वेता बागरेचा और रत्ना अग्रवाल को स्टॉल जहां क्रिस्टल के आकर्षक फूल पत्तियों से सजा रहा वहीं शीतल राठी के स्टॉल में सिरामिक की कलात्मक सामग्री ने लोगों को आकर्षित किया। सावन के मौके पर पर्व के मद्देनजर बंधेज और लहरिया साड़ियों के संग्रह के साथ-साथ जड़ाऊ कुंदन, पोल्की और अमेरिकन डायमंड की ज्वेलरी युवतियों के आकर्षक का केंद्र रही। बैग राखियां और साज-सज्जा की सामग्री के अलावा तीज महोत्सव में व्यंजनों के स्टॉल भी शामिल किए गए हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी में तीज महोत्सव में कई स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा।